अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 2024

स्रोत : लाइव मिंट

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस प्रत्येक वर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है, ताकि इस शानदार लेकिन लुप्तप्राय जीव के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

- यह दिन **शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले भारत सहित 13 देशों** के सामूहिक प्रयास की याद दिलाता है, जिसके तहत **TX2 वैश्विक लक्ष्य** के माध्यम से वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की संख्या को दोगुना किया जाएगा।
  - यह लक्ष्य **विश्व वन्यजीव कोष (WWF)** द्वारा ग्लोबल टाइगर इनिशिएटिव, **ग्लोबल टाइगर फोरम** और अन्य महत्त्वपूर्ण प्लेटफार्मों के माध्यम से निर्धारित किया गया है।
- यह दिन पहली बार **वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट** में स्थापित किया गया था।
  - इसका मुख्य उद्देश्य **अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार करके, स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने और उन देशों में** (जहाँ बाघों की बहुत बड़ी जीवसंख्या पाई जाती है) **पर्याप्त वन क्षेत्र बनाए** रखने के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को तेज़ करने का आग्रह करना है।

//

और पढ़ें: [बाघ संरक्षण के लिये पुरस्कार]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-tiger-day-2024